Happy RAM NAVAMI

डी आर भोपाल

01

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | चैत्र शुक्ल पक्ष, 09- 2082 | भोपाल, दिन शुक्रवार, दिनांक 27 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

राज्यपाल से मिले वित्त आयोग के अध्यक्ष पवैया

भोपाल। राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष लाखन सिंह पवैया, सदस्य केके सिंह और सदस्य सचिव वीरेंद्र कुमार ने गुरुवार को राज्यपाल मंगूभाई पटेल से मुलाकात की। तीनों ने राज्यपाल को पंचायत प्रवास करने की जानकारी देने के साथ ही आयोग की भूमिका, कार्यप्रणाली और गतिविधियों पर मार्गदर्शन की अपेक्षा जताई। पवैया ने सभी अपने वालिंटों का निष्पादपूर्वक निर्वहन करने का संकल्प दिलाया। राज्यपाल ने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए ईमानदारी से शामिल निभाने की बात कही।

टेंडर हंट . . . 22 प्रकल्पों के लिए आए 840 आवेदन

भोपाल। मप्र कांग्रेस हाल राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय प्रकल्पों के संचालन के लिए टेंडर हंट आयोजित किया जा रहा है। इसमें 840 आवेदन आए, लेकिन अब तक 260 अभ्यर्थी ही इंटरव्यू में शामिल हुए हैं। इनमें डॉक्टर, वकील, आरटीआई एक्टिविस्ट और मीडिया से जुड़े प्रोफेशनल शामिल हैं। उनी ग्वालियर, भोपाल, सागर और रामेश्वरपुरम में इंटरव्यू हो चुके हैं, रीवा व जबलपुर बाकी हैं। मीडिया विभाग प्रभारी मुकेश नायक के अनुसार, जबलपुर से सबसे ज्यादा आवेदन आए हैं और संख्या बढ़ सकती है।

100% वेतन और 2 साल प्रोबेशन की मांग

भोपाल। सरकारी नौकरी में आने वाले लक्षा-3 और लक्षा-4 कर्मचारियों के प्रोबेशन व वेतन पर विवाद बढ़ गया है। कर्मचारियों की मांग है कि प्रोबेशन अवधि तीन से दो साल की जाए और ज्वाइनिंग के साथ ही 100% वेतन दिया जाए, पर उन्हें 70 ही मिल रहा है। हाईकोर्ट ने दो टी में वेतन कटौती पर रोक लगाते हुए पूरा वेतन व पूर्व कटौती का एरियर देने के निर्देश दिए थे, लेकिन पालन नहीं हुआ। मप्र कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

आम सभा में मांगों पर प्रस्ताव पारित

भोपाल। मप्र वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन संघ की आम सभा ने अशोक पहाड़िया को संरक्षक और अनिल बाजपेई को अध्यक्ष चुना गया। इसमें कर्मचारियों से जुड़े कई प्रस्ताव पारित हुए। दैनिक वेतन कर्मियों को नियमित करने, संविदा प्रथा समाप्त करने व आउटसोर्स कर्मियों को नियम के रिक्त पदों पर समायोजित करने की मांग रखी।

दहेज हत्या के मामले में अदालत ने पति को दी सात साल की सजा

भोपाल। दहेज की मांग से प्रताड़ित होकर खुदकुशी करने के मामले में राजधानी की अदालत ने पति को सात साल कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला गुरुवार को विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) नीलू संजीव श्रीवास्तव की कोर्ट ने सुनाया है। शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक प्रीति श्रीवास्तव ने पैरवी की। सरोज राय का विवाह अनिल राय से लोकडाउन के दौरान 14 मई 2021 को हुआ था। शादी में सरोज के परिजनों ने लाखपाक सामान दिया था। कुछ समय बाद पति अनिल राय, सास मुकेशबाई और जेठ कैलाश राय दहेज में कार और सोने की चेन की मांग करने लगे थे। यह बात सरोज ने मायके में बताई थी। मायके पक्ष ने उन्हें समझाया, लेकिन वो जिद पर अड़े रहे। यह लोग सरोज को मानसिक

सड़क हादसा | मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौटरही बस हादसे का शिकार, सवार थे 41

छिंदवाड़ा में बस पिकअप से टकराई 10 की मौतए 30 की हालत गंभीर

सीएम की सभा से लौट रही बस से भिड़ी पिकअप, 3 महिलाओं समेत 10 की मौत

छिंदवाड़ा में हादसा एक ही पंचायत के 51 लोग थे सवारए 41 घायल, 7 गंभीर

डीआर संवाददाता।।। भोपाल
जिले में गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे हुए भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। करीब 30 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। ये सभी बस से छिंदवाड़ा में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के हितग्राही सम्मेलन से लौट रहे थे। इसी दौरान मोहखेड़ थाना क्षेत्र के उमरानाला में सेमरिया हनुमान मंदिर के पास बस और पिकअप से सामने सामने जोरदार टक्कर हो गई। बस में करीब 41 लोग सवार थे। हादसा इतना भीषण था कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मरने वालों में छह पुरुष, तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। हादसे में एक यात्री का हाथ कटकर अलग हो गया। छिंदवाड़ा एसपी अजय पांडे ने हताहतों की आंकड़ों की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार, बस उमरानाला की ओर जा रही थी। दुर्घटना के बाद यात्री बस के अंदर ही फंस गए। 20 से ज्यादा एंबुलेंस से ड्रोन कारीडोर बनाकर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों की टीम उपचार कर रही है। हमरजेंसी अलर्ट जारी कर दिया गया है।

सड़क-अस्पताल में अपनों की तलाश

हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन जिला अस्पताल पहुंचे और अपनों को तलाशते रहे। अस्पताल परिसर में देर रात अफरा-तफरी और चीख-पुकार का माहौल रहा। इसके पहले घायलों को 11 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इसके लिए पुलिस ने हादसे की जगह से अस्पताल तक बीच कॉरीडोर बनाया। कुछ घायलों को एक स्कूल बस से प्रॉक्सिमल लाया गया।

आंध्र प्रदेश में ट्रक की टक्कर से बस में लगी आग, 14 लोगों की जलकर मौत

तमनपल्ले, पेड्डा अंबेडकर जी सर्कल्स जिले में मंगलवार की एक ट्रकेट्रा बस की टक्कर हो गई, जिसके बाद भीषण आग लग गई। दुर्घटना में पांच महीने के एक शिशु सहित 14 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में पांच महिलाएं, शामिल थीं। सभी यात्री मंगलवार तमनपल्ले और सिरिपेल्ले के बीच चल रहे थे। इस आग में 22 लोग घायल हुए हैं।

कुरनूल जिले के एसपी अदिरेड्डी भवानी ने बताया कि घायलों को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुरनूल जिले के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। पीड़ित मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने मृतकों के परिजनों और घायल यात्रियों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने की मुआवजे की घोषणा

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने हादसे में घायल लोगों के परिजनों को 4-4 लाख और घायलों को 1-1 लाख रुपए की मुआवजा राशि की घोषणा की है। सभी घायलों के मुफ्त इलाज के निर्देश दिए गए हैं।

भोपाल में मासूम पर हमला, 6 साल की बच्ची घायल, सीसीटीवी में कैद

डीआर संवाददाता।।। भोपाल
राजधानी के शाहजहानाबाद इलाके में देर रात हुई हिंसक घटना में 6 साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची अपने पिता के साथ नाना-नानी के घर से लौट रही थी, तभी रास्ते में चल रहे विवाद के बीच यह हमले की घटना में आ गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

जानकारी के अनुसार, बच्ची मिस्ल अहमद अपने पिता फैजान अहमद के साथ बाइक से घर लौट रही थी। इसी दौरान लव सिटिंग प्रेरा के पास 70-80 लोग आपसी विवाद में एकत्रे हुए थे। गली संकरी होने के कारण जैसे ही फैजान ने वाहन मोड़ने की कोशिश की, झगड़ा बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान बच्ची के सिर में गंभीर चोट आ गई।

घटना के बाद पिता तुरंत बच्ची को पास के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शाहजहानाबाद एसीपी अखिल बाजपेई के मुताबिक, सेक्शन रिकॉर्ड में चोट के कारणों की जांच की जा रही है।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान के लिए दो टीमें गठित की हैं और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मप्र सरकार में दो बड़े मामले जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी के लिए जाने को तैयार

सरकारी नौकरी में 2 बच्चों की शर्त हटाने पर राजी

डीआर संवाददाता।।। भोपाल
सरकारी नौकरी में दो बच्चों की शर्त हटाने की कवायद अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। शासन स्तर पर इससे जुड़े प्रस्ताव को सहमति मिल गई है। इसे जल्द ही कैबिनेट में पेश किया जाएगा।

मप्र सिविल सेवा (सामान्य सेवा शर्तें) नियम 1961 में दो बच्चों की शर्त 2001 में जोड़ी गई थी। अब इसी कैबिनेट के जरिए हटाने की तैयारी है। हालांकि तीन अधिकारियों का प्रस्ताव

कर्मचारियों के खिलाफ पहले से दो से अधिक बच्चों की शिकायतें चल रही हैं, उन पर इसका क्या असर होगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। सामान्य प्रशासन विभाग ने यह प्रस्ताव अक्टूबर 2020 में तैयार किया था। उस समय इसे कैबिनेट में लाने की तैयारी थी, लेकिन उच्च स्तर पर यह प्रस्ताव रुक गया था। इसके बाद

यदि सब तय योजना के अनुसार होता है तो नियम हटने के बाद नौकरी में रहते हुए तीसरा बच्चा होने पर किसी अधिकारी-कर्मचारी को बर्खास्त नहीं किया जाएगा। तीन बच्चों वाले जनप्रतिनिधि भी सरकारी नौकरी के लिए आवेदन कर सकेंगे। राजस्थान ने 11 मई 2016 और छत्तीसगढ़ ने 14 जुलाई 2017 को यह पाबंदी हटा दी। अब वहां तीन बच्चों वाले भी नौकरी में लोग काम कर रहे हैं। अब यह भी इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। करीब पांच महीने तक अलग-अलग स्तर पर चर्चा चली। अब सहमति बन गई है कि इसे जल्द ही कैबिनेट में लाया जाए।

अफवाहों से बढ़ी खपत, भोपाल में 12 से अधिक पेट्रोल पंप ड्राई

डीआर संवाददाता।।। सागर
देश में पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाहों ने भोपाल समेत पूरे मध्य प्रदेश में खपत को तीन से चार गुना तक बढ़ा दिया। इसके चलते गुरुवार को भोपाल के करीब एक दर्जन पेट्रोल पंप ड्राई हो गए। हालांकि देर शाम तक इन पंपों पर तेल दोबारा पहुंचने लगा। होशंगाबाद रोड पर सप्लाइर केयू सिंह एजेंसी और आईओसी कोल के सामने वाला पेट्रोलियम के पंप पर शाम तक पेट्रोल-डीजल नहीं मिला, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हुई। इसका पेट्रोल पंप पर भी शाम को तेल खत्म हो गया, जहां कर्मचारियों ने टैंकर आने की

जानकारी दी। वहीं, इंदौर में तीन दिन से 87 करोड़ का अतिरिक्त पेट्रोल-डीजल इकट्ठा गया। उधर, मिडल तीन दिन से ऑनल सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई तो तेली एसआईआर

अपर कलेक्टर सुनिता पांडे ने बताया की है कि सोशल मीडिया पर गलत जानकारी फैलाने पर एफआईआर दर्ज होगी और सुप्त एसीपी की जिम्मेदार होगा। एसडीएम और तहसीलदारों को पंपों की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। कृत्रिम संकट पैदा कर अधिक दाम पर बिक्री करने पर पंप का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा।

वी कंपनियों ने पंप संचालकों की पंप दिन की क्रेडिट लिमिट कम कर दी, जिससे नकद भुगतान पर ही सप्लाई से रही थी। गुरुवार को सरकार की सख्ती के बाद इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने तीन दिन की क्रेडिट लिमिट फिर शुरू कर दी। इससे अब पंपों पर सप्लाइ स्टॉक पहुंचने की उम्मीद है।

---

1 दिन 2 परीक्षाएं युवाओं के साथ खिलवाड़

डीआर संवाददाता।।। भोपाल
मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संविदा कर्मचारियों और युवाओं के मुद्दों पर राज्य सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि संविदा नीति 2023 के बावजूद 15 से 2 लाख कर्मचारी बेरोजगारी व अनुकंपा नियुक्ति जैसे अधिकारों से वंचित हैं, जो प्रशासनिक विफलता है। पटवारी ने 26 अप्रैल को एमपीपीएससी की प्रारंभिक व एमपीएसआई मुख्य परीक्षा एक ही दिन करने के

फैसले का विरोध किया और कहा कि इससे हजारों अभ्यर्थी असमंजस में हैं कि वे कौन सी परीक्षा दें। उन्होंने मांग की है कि संविदा कर्मियों को नियमित सुविधाएं मिलें और परीक्षाओं में से किसी एक की तिथि तत्काल बदली जाए, वरना कांग्रेस आंदोलन करेगी।

7 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

डीआर संवाददाता।।। भोपाल
वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर से मध्य प्रदेश में गुरुवार से मौसम बदलने जा रहा है। मौसम विभाग ने ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना जिलों में अगले 24 घंटे के भीतर आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मार्च में यह तीसरी बार है जब प्रदेश में वेस्टर्न का दौर देखने को मिलेगा। इससे पहले गुरुवार को नर्मदापुरम में तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सीजन का सबसे गर्म दिन रहा।

मौसम विभाग के अनुसार 30 मार्च तक भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत करीब 28 जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। 28 मार्च को बुधवारी, जबकि 30 मार्च को शिवरात्रि का त्योहार जैसा अवसर देखने को मिल सकता है।

हम धर्म का उपयोग व्यवसाय और राजनीति के लिए नहीं करते

डीआर संवाददाता।।। भोपाल
राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यह पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह पहली बार अयोध्या पहुंचे और उन्होंने रामलला के दर्शन किए। दिग्विजय सिंह ने अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के बाद कहा- कांग्रेस में हर व्यक्ति अपनी आस्था के अनुसार धर्म का पालन करता है। हम धर्म का

दुरुपयोग न तो व्यवसाय के लिए करते हैं न राजनीति के लिए करते हैं। कोई किसी भी धर्म का व्यक्ति क्यों न हो चाहे हिंदू हो, मुसलमान हो, सिख हो, चाहे पारसी हो या ईसाई हो, हर व्यक्ति अपनी आस्था की अनुसार धर्म का पालन करता है। लेकिन उसका राजनीतिक दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। धर्म का दुरुपयोग व्यवसाय के लिए नहीं

लोकार्पण | मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जामसांवली में किया हनुमान लोक के प्रथम चरण का लोकार्पण

हनुमान लोक का लोकार्पण रामराज्य की स्थापना के प्रति आस्था का प्रकटीकरण

डीआर संवाददाता।।। भोपाल
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में 3 साल पहले बाबा महाकाल का महालोक बना। उसके बाद प्रदेश में प्रमुख तीर्थ स्थलों को धाम के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। गुरुवार को चैत्र नवरात्रि में पांडुर्ना के जामसांवली मंदिर में श्री हनुमान लोक सहित 362 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन अनुष्ठान अवसर है। श्री हनुमान लोक का लोकार्पण प्रदेश में राम राज्य की स्थापना के प्रति सरकार की आस्था को प्रकट करता है।

बाण से भोपाल से ओरछा के लिए पीएमश्री हेलिकॉप्टर सेवा का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि यहां श्रद्धालुओं के लिए 10 बिस्तर का छोटा अस्पताल भी बनाया जाएगा। श्रीराम नवमी के अवसर पर शुक्रवार को भोपाल से राम राज्यरथ धाम अभियान के लिए पीएमश्री हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ होगा। डॉ. यादव ने 511 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से 31 विकास कार्यों का लोकार्पण और 251 करोड़ 18 लाख रुपए की लागत के 33 विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। उन्होंने रुद्र-सहायता समूह की बहनों को अन्न वीक्षि ति पत्र और किसानों को पट्टे का वितरण किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रशस्ति

पांडुर्ना जिले के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाए

पत्र सौंपकर सम्मानित किया।

सीएम ने कहा कि नव गठित पांडुर्ना जिले में लंबे समय से कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय की आवश्यकता थी। इसकी पूर्ति करते हुए अब पांडुर्ना को जिला पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालय के भवन की सौगात भी मिल रही है। पांडुर्ना में एकल भूमि पर कलेक्टर और आउट डोर स्टेडियम का

सुप्रीम कोर्ट सख्त सीबीआई और सरकार से पूछ- अब तक क्या हुआ?

डीआर संवाददाता।।। भोपाल
बहुचर्चित व्यापम घोटाले से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने 25 मार्च को सुनवाई करते हुए सीबीआई और राज्य सरकार से अब तक की जांच का पूरा हिसाब मांगा है।

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि पूर्व विधायक पारस सकलेचा की शिकायत पर हुई कार्रवाई, जांच की मौजूदा स्थिति और डाक्टर्ड सार्जनीट का विस्तृत विवरण शपथ पत्र (एफिडेविट) के रूप में पेश किया जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी कहा कि पहले जारी नोटिसों पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया है। इस पर नाराजगी जताते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों को दिसंबर

जानकारी देने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को तय की गई है। मामला पारस सकलेचा की उस याचिका से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने व्यापम घोटाले से संबंधित अपनी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने का मुद्दा उठाया है। इससे पहले इंदौर हाई कोर्ट ने अप्रैल 2024 में उनकी याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि वे इस मामले में प्रत्यक्ष प्रभावित पक्ष नहीं हैं।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैलूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | चैत्र शुक्ल पक्ष, 10- 2082 | सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 27 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

सीहोर में 28 मार्च को आयोजित होगा मेगा शिविर

सीहोर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 28 मार्च को सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में प्रातः 10:30 बजे से मेगा लीगल आउटरीच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। इस मेगा शिविर की मुख्य थीम मानसिक स्वास्थ्य एवं दिव्यांगजनों पर केंद्रित होगी। शिविर में जिले के राजस्व विभाग, पुलिस, सामाजिक न्याय विभाग, जनपद पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे और दिव्यांगजनों एवं नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इसके साथ ही दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायता उपकरण भी प्रदान किए जाएंगे।

ठग किया जाता कब्जा का कराहोरण और रज्जा का भूमि पूजन

सीहोर। शहर के कोतीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नरसिंह लक्ष्मी मंदिर में शुक्रवार को सुबह नौ बजे श्री लक्ष्मीनारायण महाराज का कायाकोरण एवं रजाशाला का भूमि पूजन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। संत भगवान दास महाराज ने बताया कि यहां मंदिर क्षेत्र का प्राचीन है और यहां पर नियमित रूप से पूजा अर्चना की जाती है। वहीं आगामी दिनों में महायज्ञ की तैयारियां की जाएंगी।

अधिकारी ने दोराहा सीएचसी का किया निरीक्षण

सीहोर। राज्य टीकाकरण अधिकारी सूर्यप्रकाश दीक्षित ने सीहोर जिले के दोराहा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर किए जा रहे एमपीवी टीकाकरण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर अब तक किए गए एमपीवी टीकाकरण की जानकारी ली और टीकाकरण के लिए सभी 14-15 आयु वर्ग की बालिकाओं को प्रेरित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र पर टीका लगवाने वाली बालिकाओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए।

28 मार्च को आयोजित होगा मेगा शिविर

सीहोर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 28 मार्च को को सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में प्रातः 10:30 बजे से मेगा लीगल आउटरीच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। इस मेगा शिविर की मुख्य थीम मानसिक स्वास्थ्य एवं दिव्यांगजनों पर केन्द्रित होगी। शिविर में जिले के सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे और दिव्यांगजनों एवं नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इसके साथ ही दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायता उपकरण भी प्रदान किए जाएंगे। शिविर के आयोजन के संबंध में न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव

0

पेटदर्द और उल्टी-दस्त से पीड़ित करीब 120 लोगों को

शादी के समारोह में 1200 रिश्तेदारों को भोज अचानक 200 लोगों की तबीयत बिगड़ गई

डीआर संवाददाता>> इछावर

सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक एवं राजस्व मंत्री कन्हैयालाल वर्मा गुरुवार को अस्पताल पहुंचे, जाना मरीजों का हालचाल

तहसील क्षेत्र के गांव बावड़िया नीलकंठ में बुधवार को आयोजित एक शादी समारोह में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब भोजन करने के बाद लोगों की तबीयत खराब होने लगी। देर रात बड़ी संख्या में लोगों को पेट दर्द और उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर वह इछावर सिविल अस्पताल पहुंचने लगे। इस दौरान फूड पाइजनिंग से प्रभावित करीब 120 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अचानक इतनी बड़ी संख्या में लोगों को फूड पाइजनिंग होने की सूचना अस्पताल प्रबंधन ने जिला स्वास्थ्य विभाग को दी। तत्काल हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल से दो डॉक्टर सहित मेडिकल टीम की एक टीम अस्पताल भेजी। साथ ही एक टीम को गांव रवाना किया गया। जहां मरीजों का उपचार किया गया। फूड पाइजनिंग से बच्चे, महिला और बुजुर्ग अधिक प्रभावित हुए हैं। फिलहाल मरीजों की हालत सामान्य बताई जा रही है जबकि अधिकतर मरीजों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार गांव बावड़िया नीलकंठ के रघुश्याम मेवाड़ के पुत्र अरुणलाल का बुधवार शाम को विवाह समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें रामौर सहित करीब 1200 रिश्तेदारों ने भोजन किया था, लेकिन इस दौरान देर रात बड़ी संख्या में लोगों को अचानक से पेट दर्द और उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। इसके बाद वह इलाज कराने के लिए इछावर सिविल अस्पताल सहित इधर उधर निजी क्लिनिकों में पहुंचने लगे। फूड पाइजनिंग के मरीजों की अचानक बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग एवं एसडीएम को घटना की सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही प्रशासन हरकत में आया और इस दौरान अस्पताल में दो वार्ड फूड पाइजनिंग के मरीजों के लिए आरक्षित करते हुए 50 से अधिक मरीजों को भर्ती किया गया। जिला अस्पताल से 2 डॉक्टर, पैरामेडिकल और नर्सिंग स्टाफ की एक टीम अस्पताल

इछावर। सिविल अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज भर्ती जिनका उपचार किया जा रहा है।

राजस्व मंत्री मरीजों से मिलने अस्पताल पहुंचे

मंदसौर की सूचना मिलने पर क्षेत्र विधायक एवं राजस्व मंत्री कन्हैयालाल वर्मा गुरुवार को अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मरीजों से मिलकर जानकारी हासिल की। साथ ही उन्हें सांत्वना बंधाया। इस दौरान मंत्रीजल प्रबंधन को तेजी का सुनिश्चित उपचार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान मंत्रीजल प्रबंधन को तेजी का सुनिश्चित उपचार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान मंत्रीजल प्रबंधन द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग एवं एसडीएम को घटना की सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही प्रशासन हरकत में आया और इस दौरान अस्पताल में दो वार्ड फूड पाइजनिंग के मरीजों के लिए आरक्षित करते हुए 50 से अधिक मरीजों को भर्ती किया गया। जिला अस्पताल से 2 डॉक्टर, पैरामेडिकल और नर्सिंग स्टाफ की एक टीम अस्पताल

इछावर। सिविल अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज भर्ती जिनका उपचार किया जा रहा है।

राजस्व मंत्री मरीजों से मिलने अस्पताल पहुंचे

मंदसौर की सूचना मिलने पर क्षेत्र विधायक एवं राजस्व मंत्री कन्हैयालाल वर्मा गुरुवार को अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मरीजों से मिलकर जानकारी हासिल की। साथ ही उन्हें सांत्वना बंधाया

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर चैत्र शुक्ल पक्ष. 09- 2082 सीहोर,दिन शुक्रवार,दिनांक 27 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

नवरात्रि के अष्टमी पर हुई महाआरती, हवन आज

बिलकिसगंज। चैत्र नवरात्रि पर झागरिया स्थित सिद्ध मंदिर में मां महिषासुर मर्दिनी के दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। गुरुवार को अष्टमी पर मंदिर में विशेष आयोजन हुए। मां का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद महाआरती हुई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के बाद प्रसाद बांटा गया। मंदिर के पुजारी टुकना नाथ ने बताया कि मन्नत पूरी होने पर कई भक्त तुलादान करा रहे हैं। कन्या भोज करा रहे हैं। गुरुवार को नवरात्रि का अंतिम दिन है। इसे लेकर मंदिर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। इस दिन हवन होगा। पूजन होगा। महाआरती का भव्य आयोजन होगा।

नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मंत्री राजपूत वॉरियर्स 9 विकेट से जीती

बिलकिसगंज। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मंडी ग्राउंड में बुधवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में राजपूत वॉरियर्स ने पम्पी 11 को 9 विकेट से हराया। पम्पी 11 की टीम 5 ओवर में 37 रन ही बना सकी। मंत्री हाका ने 3 विकेट लिए। राजपूत वॉरियर्स ने लक्ष्य आसानी से हासिल किया। प्रथम हाका मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मैच में 6ट मोबाइल ने पन्नार स्टोन क्रेशर को हराया। पन्नार स्टोन क्रेशर ने पहले बल्लेबाजी की। टीम ने 61 रन बनाए। प्रकाश ठाकुर ने 38 रन की पारी खेली। 6ट मोबाइल ने लक्ष्य का पीछा किया। टीम ने 7.4 ओवर में जीत दर्ज की। रोहित ने 61 रन बनाए।

रोमांचक मुकाबले में सीहोर रेड ने सीहोर ग्रीन को 2-1 से हराया

सीहोर। शहर के वार्ड मैदान पर खेली जा रही क्लब स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में गुरुवार की शाम को रोमांचक मुकाबला सीहोर रेड और सीहोर ग्रीन के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर रेड ने 2-1 से शानदार जीत हासिल की। इस मुकाबले में सीहोर रेड की ओर से अंतिम समय में राजा ने एक गोल किया। इस मैच पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने खिलाड़ियों का प्रोत्साहन किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी विनोद दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को सीहोर ग्रीन और सीहोर रेड के मध्य कांटे का मुकाबला खेला गया। इसमें रेड और ग्रीन दोनों ही टीम हाफ टाइम तक एक-एक गोल से बराबरी पर थी, लेकिन रेड ने अंतिम समय पर गोल कर जीत हासिल की। इस मैच में सीहोर रेड की ओर से राजा-अवीन ने 55 मिनट में एक गोल और ग्रीन की ओर से एक मात्र गोल आशु ने किया।

दुर्गा अष्टमी पर महागौरी को पंचामृत से स्नान करा पूजा-अर्चना, आरती का आयोजन

सीहोर। हर साल की तरह इस साल दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर शहर के विश्राम घाट स्थित दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर कन्या भोज के साथ पूजन के साथ उनकी शिक्षा सामग्री के वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर मंदिर परिसर में पंडितों के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ पूर्ण विधि-विधान से दुर्गा अष्टमी पर महागौरी को पंचामृत से स्नान करा पूजा अर्चना की और सुबह भव्य हवन यज्ञ के बाद यहां पर मौजूद कन्याओं का जल से पैर धोकर उनके माथे पर तिलक किया।

महाअष्टमी का पर्व होने के कारण मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।

पंप पर भीड़ अहमदपुर में पेट्रोल पंप पर सुबह से ही पहुंच गए लोग

अफवाह के बीच पंप पर पेट्रोल लेने के लिए लोगों की लग रही लंबी कतार

डीआर संवाददाता-अहमदपुर

क्षेत्र के अहमदपुर स्थित पंपों पर पेट्रोल पंप पर गुरुवार को देर सायं अफवा-दाखी का माहौल बन गया, जब सैकड़ों की संख्या में लोग पेट्रोल और डीजल भरवाने के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। हालात ऐसे रहे कि सुबह से लेकर देर शाम तक वाहन चालकों की भीड़ पंप पर बनी रही और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

शामिल क्षेत्रों में पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर अफवाह फैला गई थी, जिसके चलते तीन दमकाकर अपने-अपने वाहनों में ईंधन भरवाने के लिए बड़ी संख्या में पंप पर पहुंचने लगे। दोपहिया, चारपहिया और यहां तक कि ट्रिपों में ईंधन डाले वाहनों की भीड़ तक गई। स्थिति यह रही कि पंप परिसर के बाहर तक वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। हालांकि पर्याप्त फुल टैंक की ओर से करीब 19 घंटे पहले ही इंटरनेट मीडिया के माध्यम से स्पष्ट किया गया था कि पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है और सप्लाई पूरी तरह सामान्य है। इसके बावजूद ग्राहकों के काफी लेन कायम नहीं हो पाए और एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर ईंधन पहुंचाने पहुंचते रहे। सामान्यतः से बात की नहीं मानी लोग पंप पर मौजूद कर्मचारियों को भीड़ संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई घंटे स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लोगों से अपील की गई कि घबराएं नहीं और जरूरत के अनुसार ही ईंधन लें। इसके बावजूद कतारें तय नहीं हुईं। कुछ स्थानों पर लोगों के बीच आपसी नोंक-झोंक की स्थिति भी बनी।

ईंधन की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि अफवाहें फैलने पर अचानक भीड़ बढ़ जाती है, जिससे अनावश्यक परेशानी खड़ी हो जाती है, वहीं कई लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि ऐसी स्थितियों में तथ्य पहले स्पष्ट व्यवस्थित प्रसारित की जाए, ताकि भ्रम की स्थिति न बने।

कतारों का रहा है कि क्षेत्र में ईंधन की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि अफवाहों के कारण ही इस तरह की स्थिति बनती है।

जिससे आमजन को परेशानी उठानी पड़ती है। मौजूदा देर रात तक हालात धीरे-धीरे सामान्य होने लगे, लेकिन दिनभर पंप पर भारी भीड़ बनी रही। प्रशासन और पंप प्रबंधन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और केवल अधिकृत जानकारी पर ही भरोसा करें। एसडीएम सन्मत शर्मा का कहना है कि पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त पेट्रोल-डीजल का स्टाक है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें।

9 करोड़ बकाया वसूली के लिए कुर्की, 5 गांवों की बिजली बंद

डीआर संवाददाता-अहमदपुर

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अहमदपुर ने बकाया वसूली के लिए सख्त अभियान शुरू किया है। कार्यालय पर अभी करीब 9 करोड़ रुपए बकाया दर्ज है। वसूली के लिए मार्च में 3 करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा गया है।

इसी अभियान में 21 मार्च को वितरण केंद्र अहमदपुर के तहत अलन-कलन गांवों में बड़े बकायेदारों पर कुर्की की कार्रवाई हुई। विभाग ने 13 उपभोक्ताओं की मोटरसाइकिल और अन्य सामान जब्त किया। पांच गांवों की बिजली भी बंद कर दी। इन उपभोक्ताओं पर कुल 15,33,490 रुपए बकायाकार्रवाई में मंडीखेड़ा, पीपलखेड़ा, बरखेड़ाखेड़ा, बरखाखानी, अलमस्तनगर, नानपुर, खाईखेड़ा, हसनपुर विभिन्नेमा शामिल कई गांवों के उपभोक्ता शामिल रहे। कृषि उपभोक्ताओं पर भी कार्रवाई हुई। 11 कृषि पंपों के ट्रांसफार्मर बंद किए गए।

मध्य क्षेत्रीय विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय में प्रबंधक कन्सिट अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि बकाया वसूली का अभियान लगातार जारी रहेगा। शासन पर बिल जमा नहीं करने वालों पर कुर्की, सप्लाई बंद करने जैसी सख्त कार्रवाई आगे भी होगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील

पीएचई विभाग ने मार्च माह में किया 131 में से 98

निरंतर मेहनत करने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए किया प्रेरित

डीआर संवाददाता-सीहोर

त्वरित कार्रवाई के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

डीआर संवाददाता-सीहोर

शंकरपुरा में भक्ति और शक्ति का संगम, रामलीला में उमड़ी

डीआर संवाददाता-अहमदपुर

अहमदपुर विशाल शोभायात्रा के साथ सनखेड़ में देवनारायण यज्ञ के लिए झंडा पूजन

डीआर संवाददाता-अहमदपुर

बसूली बिजली बिल वसूलने गनमैन के साथ पहुंच रही टीम,

विद्युत वितरण कंपनी ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बकाया बिलों की वसूली के लिए अब सख्ती शुरू की

डीआर संवाददाता-सीहोर

लीलगढ़ माता मंदिर से विंध्यावासिनी मंदिर

डीआर संवाददाता-अहमदपुर

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | चैत्र शुक्ल पक्ष 10, 2082 | विदिशा, दिन शुक्रवार ,दिनांक 27 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

महामाई माता मंदिर में विशाल भंडारा आज

विदिशा। धार्मिक आस्था के केंद्र महामाई माता मंदिर, मंडल गिरि में शुक्रवार शाम 7 बजे विशाल भंडारा होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को अपने संपूर्ण परिवार सहित आमंत्रित किया है।

साहित्यिक कार्यक्रम आज शाम साढ़े 7 बजे से

विदिशा। की माटी में रचे-बसे साहित्य कवि, आलोचक शैलेंद्र चौहान के साहित्यिक अवदान पर केंद्रित जश्नें से जुड़ाव- विदिशा और शैलेंद्र चौहान कार्यक्रम 27 मार्च को शाम 7:30 बजे होगा। आयोजन हॉलिडे रोड स्थित मानव सेवा न्यास में होगा। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शैलेंद्र पाठीजाल करेंगे।

रामनवमी पर रघुवंशी समाज निकालेगा शोभायात्रा

विदिशा। रामनवमी पर रघुवंशी समाज की शोभायात्रा शाम 4 बजे रघुवंशी धर्मशाला, बस स्टैंड से निकलेगी। जो रघुवंशी धर्मशाला बस स्टैंड से नीमताल जाएगी। इसके बाद मुख्य मार्ग से कोतवाली मार्ग होते हुए तिलक चौक आएगी। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने दी।

घुवंशी समाज आज निकालेगा शोभायात्रा

विदिशा। रामनवमी पर रघुवंशी समाज द्वारा शुक्रवार को शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ रघुवंशी धर्मशाला, बस स्टैंड से होगा। शोभायात्रा नीमताल, हॉस्पिटल रोड, भवानीगंज, कोतवाली मार्ग, तिलक चौक और बड़े बाजार से होकर पुनः धर्मशाला पहुंचेगी। आकर्षक झांकियां, भजन-कीर्तन एवं धर्म ध्वज विशेष आकर्षण होंगे। जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने अपील की है।

नवरात्रि पूर्णाहुति पर गायत्री यज्ञ आज होगा

विदिशा। नवरात्रि साधना की पूर्णाहुति के पावन अवसर पर पंचकुण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन शुक्रवार को गायत्री प्रज्ञापीठ, सर्वोदय कॉलोनी में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। यज्ञ के अंतर्गत पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, विद्यारम्भ दीक्षा सहित विभिन्न संस्कार निःशुल्क सम्पन्न कराए जाएंगे। कार्यक्रम के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए यज्ञ प्रसाद स्वरूप भोजन व्यवस्था रहेगी। गायत्री परिवार ने नगर एवं आसपास के श्रद्धालुओं से सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

भव्य मूलनायक देवी व शिखर शिलन्यास महोत्सव 28-29 को

विदिशा। अतिशय तीर्थ क्षेत्र श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर 28-29 मार्च को मूलनायक देवी शिलान्यास, शिखर शिलन्यास एवं सामूहिक विधान महोत्सव आयोजित होगा। 28 मार्च सुबह 7 बजे कलश घट व जिनवाणी शोभायात्रा निकलेगी। मंगलाचरण, पूजन, सामूहिक विधान, प्रवचन व शिलान्यास विधि सम्पन्न होंगे। बाल ब्र. पं. अभिनंदन शास्त्रीजी, पं. सुशील भवन भोपाल, पं. डॉ. वीरसागर दिल्ली व पं. डॉ. मनीष मेरठ का सानिध्य रहेगा।

सम्राट अशोक जयंती उत्साह से मनाई गई

ग्यारसपुर। कुशवाहा शिक्षालय में सम्राट अशोक की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, केसीसी की अंतिम तिथि बढ़ाने सहित कई मांगें

कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, कृषि सामग्री टैक्स-फ्री करने की अपील, समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

किसान कांग्रेस ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन किसानों की विभिन्न समस्याओं और हाल ही में प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान के संबंध में था। जिला किसान कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में किसानों की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई गईं।

ज्ञापन में प्रमुख मांग सहकारी ऋण (क्रेडिटशीट) जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की है। किसान नेताओं ने कहा कि मार्च में ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च है। हालांकि, किसानों की फसल अभी पूरी तरह से घर पर नहीं पहुंची है और 1 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होनी है। इस स्थिति में किसान समय पर ऋण चुकाने में असमर्थ हैं, इसलिए अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अप्रैल करने की मांग की गई है।

किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन देते एकनाथ लोधर पटुवे

ज्ञापन में बीजों और आवश्यक कृषि सामग्री को टैक्स-फ्री करने की मांग भी शामिल है। हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि से तबाह हुई फसलों का तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने तथा फसल बीमा राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है। किसान कांग्रेस ने यह भी मांग की है कि

किसान कांग्रेस ने प्रशासन को उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी।

गेहूं की सरकारी खरीद 4 हजार प्रति क्विंटल की दर से सुनिश्चित की जाए। इसका उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र रघुवंशी और किशोर पानी ने बताया कि जिले के किसानों की स्थिति लगातार दुर्भाग्यपूर्ण बनी हुई है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई ओलावृष्टि और बारिश से सैकड़ों एकड़ में खड़ी फसल बर्बाद हो गई। मुआवजा अब तक नहीं मिल पाया है। उन्होंने किसानों को जल्द राहत प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं किया गया, तो किसान व्यापक उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिन्होंने एकनाथ लोधर पटुवे की मांगों को प्रमुखता से उठाया।

सोसाइटी ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक बढ़े

ग्यारसपुर। गुरुवार को किसानों ने एसडीएम शांति निवा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपा। जिसमें किसानों ने वर्तमान हालात को गंभीर बताते हुए लंबित समाधान की मांग की है। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक आपदाओं, विशेषकर हाल की बारिश और ओलावृष्टि से उनकी फसलें प्रभावित हुई हैं, जिससे आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में सोसाइटी ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ाने, सोयाबीन तेल को टैक्स फ्री श्रेणी से हटाने, फसल नुकसान का सर्वे कराकर शीघ्र मुआवजा देने तथा गेहूं की सरकारी खरीदी 4000 प्रति क्विंटल करने की मांग शामिल है। किसानों ने शासन से जल्द सकारात्मक निर्णय लेकर राहत प्रदान करने की अपील की है। ज्ञापन देने वालों में जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शेखर दयाल शर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह, किसान कांग्रेस जनपद मोहन लाल लोधी, जनपद सदस्य अनीस खान, जीवन लाल शर्मा, लीलाधर कुशवाह, आकाश मीणा, रघुवीर सिंह ठाकुर, गिर्धर सिंह लोधी, जगन्नाथ बहेरवार, टीकाराम, आकाश यादव, नेतराम मीणा सुखराम लोध चौहान राम इसी मौका शामिल रहे।

---

25 साल तक की पानी की किल्लत होगी दूर

शहर में चार नई टंकियां बनेंगी 65 किमी पाइप लाइन बिछेगी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

अमृत-2 योजना के तहत शहर में 65 किमी लंबी पाइप लाइन बिछाना शुरू हो गया है। 8 नई टंकियां और संप्रेल टैंक बनाने की मंजूरी मिली है। पहले फेज में 4 टंकियां बनाने का काम शुरू हो गया है। शहर में 12 टंकियां पहले से हैं। 8 नई टंकियां बनने के बाद 18 टंकियां हो जाएंगी।

इनमें से विदिशा तक 30 किमी लंबी पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। जालियासा बांध के पास फिल्टर प्लांट बई बनेगा। इससे वार्ड-39 सहित इलाकों में जहां टैंकरों से पानी पहुंचाई होता है, वहां सीधे नल से पानी पहुंच सकेगा। नगरपालिका के पास 16 एमएलडी की क्षमता पहले से है। 11 एमएलडी क्षमता बढ़ने के बाद कुल 38 एमएलडी पानी रोज शहर में सप्लाई होगा। प्रोजेक्ट पर 98 करोड़ खर्च होंगे। ठेका अलमेर की कंपनी श्री काट्रक्टर को मिला है। इससे 25 साल की पानी की जरूरत पूरी होने का दावा है। टीलाखेड़ी, अटल उद्यान के पास, निर्मातपुर मंडी इलाका, मुखर्जी नगर, बैरागढ़, पानी दुर्गावती उद्यान के पास टंकियों का निर्माण हो रहा है।

पानी दुर्गावती उद्यान में बन रही पानी की नई टंकी।

अभी टैंकर से सप्लाई

अभी टीला खेड़ी, लाल पत्थर, सुभाष नगर, सदन नगर, सलरिया, निर्मातपुर सहित कई इलाकों में पाइप लाइन नहीं है। यहां टैंकर से पानी भेजना पड़ता है।

जल संकट वाले क्षेत्रों में 1 अप्रैल से नगर पालिका ठेके पर पानी सप्लाई शुरू करेगी। पाल कार्य शाखा के प्रभारी राम प्रकाश जायसवाल ने बताया कि विदिशा की आबादी 2.25 लाख से अधिक हो गई है। 25 साल में आबादी 2.50 लाख तक होने पर भी जरूरत पूरी होगी।

शॉर्ट सर्किट से खेत में लगी आग, 12 बीघा फसल जली

डीआर संवाददाता ✍ कुरवाई

विदिशा शहर के गोसुलधाम जतरापुर क्षेत्र में गुरुवार को शॉर्ट सर्किट के कारण खेत में खड़ी फसल में अचानक आग लग गई। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती चली गई और देखते ही देखते खेत का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। मौके पर मौजूद किसान और खेत मालिक ने तुरंत ट्रैक्टरों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

इसी बीच दमकल विभाग को सूचना दी गई, जिसके बाद दमकल टीम मौके पर पहुंची। लोगों और दमकल कर्मियों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक लगभग 12 बीघा क्षेत्र में खड़ी फसल पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। किसान के अनुसार इस आगजनी से उसे तीन लाख रुपए में क्षति हुई है जो नुकसान हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार प्रीति सोनी मौके पर पहुंचीं और पटवारी के साथ मिलकर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने बिजली विभाग को क्षेत्र में आवश्यक मेंटेनेंस कार्य कराने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

फीस जमा न होने से परेशान थे विद्यार्थी एबीवीपी ने प्राचार्य कक्ष में नारेबाजी की

टेक्निकल फाल्ट से चार दिन से परेशान थे दूर-दराज के छात्र

डीआर संवाददाता ✍ कुरवाई

शासकीय कॉलेज में फीस जमा करने में आ रही तकनीकी समस्या को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की कुरवाई इकाई ने प्रदर्शन कर दिया। पिछले चार दिनों से दूर-दराज के गांवों से आने वाले छात्र महाविद्यालय पहुंच रहे थे, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक कॉलेज मशीन उन्हें बार-बार लौटा दिया जा रहा था। समस्या को गंभीरता से लेते हुए एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर में प्रदर्शन कर प्राचार्य कक्ष का घेराव किया और घंटों नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने संबंधित अधिकारियों से तत्काल समाधान की मांग की। आंदोलन के बाद प्रशासन हरकत में आया और विद्यालसमा सेल का एकमात्र सरकारी कॉलेज अस्पताल के सैकड़ों छात्र अत्यधिक हैं।



खड़ा था। इससे छात्रों को दिनभर भूखे-प्यासे इंतजार करना पड़ रहा था और उनकी पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई थी।

फीस जमा न हो पाने से विद्यार्थियों में चिंता का माहौल था। समस्या को गंभीरता से लेते हुए एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर में प्रदर्शन कर प्राचार्य कक्ष का घेराव किया और घंटों नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने संबंधित अधिकारियों से तत्काल समाधान की मांग की। आंदोलन के बाद प्रशासन हरकत में आया और विद्यालसमा सेल का एकमात्र सरकारी कॉलेज अस्पताल के सैकड़ों छात्र अत्यधिक हैं।

तकनीकी खामी दूर कर फीस जमा कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। एबीवीपी नगर मंत्री वेदांत जैन ने कहा कि छात्र हित सर्वोपरि हैं और भविष्य में ऐसी समस्याएं दोबारा न हों, इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की है। समस्या के समाधान के बाद छात्रों में खुशी देखी गई। उन्होंने एबीवीपी का आभार जताते हुए कहा कि उनकी आवाज को सुना गया।

मेगा लीगल आउटरीच एवं अवेयरनेस कैम्प का आयोजन आज

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

आमजन को विधिक जानकारी एवं निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 मार्च को प्रातः 12 बजे से मेगा लीगल आउटरीच एण्ड अवेयरनेस कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के जिला-निदेशों के तहत पाल आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में नागरिकों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों, उनके अधिकारों एवं शासन द्वारा उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही विधिक सहायता उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सचिव न्यायाधीश (अधिक खंड) श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने बताया है कि इस प्रकार के कैम्प को उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचितजन वर्ग तक न्याय सुलभ कराना है।

सांदीपनि विद्यालय लटेरी से संबंधित वायरल वीडियो के संबंध में वस्तुस्थिति

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में यह दावा किया जा रहा है कि सांदीपनि विद्यालय लटेरी में कक्षा 9वी का परिणाम जारी सकल है तथा विद्यार्थियों का भविष्य अन्धकार हुआ है। सांदीपनि विद्यालय लटेरी की वास्तविक स्थिति निम्नानुसार है – सांदीपनि विद्यालय लटेरी ने बताया कि कक्षा 9 में कुल 252 विद्यार्थी दर्ज हैं। इनमें से 87 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। यह अंतिम परिणाम नहीं है। जो विद्यार्थी अभी सफल नहीं हो सके हैं, उन्हें दूसरा अवसर (रिक्वायर्ड पेपर) प्रदान किया जाता है। इन विद्यार्थियों की पुनः परीक्षा जून 2026 में आयोजित की जानी है। आधिकारिक मीडिया पर प्रसारित वीडियो अफवाह जानकारी के आधार पर शेयर न करें। विद्यालय प्रबन्धन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि परिणाम अभी अंतिम नहीं है तथा अधिकांश विद्यार्थियों को नियमानुसार दूसरा अवसर उपलब्ध कराया जाएगा।

जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनरों का प्रथम बैच प्रशिक्षित

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

जनगणना 2027 के अंतर्गत सकल सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए नियुक्त फील्ड मास्टर ट्रेनरों के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थित ई-ग्राम केंद्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण 24 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित किया गया, जो आगामी 1 मई से 30 मई के बीच प्रस्तावित गृहगणना सूचीकरण कार्य की तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। उन्होंने सभी शिक्षकों से आए हुए ट्रेनरों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित करें तथा जनगणना से जुड़े क्रांतिक बिंदु को स्पष्ट रूप से समझाएं। उन्होंने इस वर्ष आयोजित होने वाली डिजिटल जनगणना को डिजिटल इंडिया एवं वीन इंडिया मिशन के अनुरूप बताते हुए इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य फील्ड ट्रेनरों को जनगणना प्रक्रियाओं में दक्ष बनाना था। इसमें "मदेन 2027–मल्टीमल्टीपल जनगणना एप्लिकेशन (एमए) ऐप" के इंस्टॉलेशन एवं उपयोग, डेटा संकलन की पैरानिक विधियों, मकान सूचीकरण, परिवारों की पहचान तथा फुटिरहित डेटा प्रविष्टि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्रवाई नरवाई जलाने वालों पर होगी दंडात्मक कार्रवाई, प्रति एकड़ अर्थदंड देना होगा

पानी की टंकी, मोटर, पाइप एवं अग्निशामक यंत्र रखना होगा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंशुल गुप्ता ने जिले में नरवाई (पराली) जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार विदिशा जिले की भौगोलिक एवं राजस्व के लिए आग नहीं लगा सकेगा। संहिता-2023 की धारा 223 के अंतर्गत इसे दंडनीय अपराध माना जाएगा और संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय सुरक्षा उप संचालक केएस खरेड़िया ने अवगत कराया कि अग्नि सेवों में खड़ी फसल के कारण जलाने की घटनाएं रोकने का रही है। इससे आसपास के गांवों में धुंए सपना, जीव-जंतु एवं जनसंपत्ति को नुकसान पहुंचने का खतरा बना रहता है। खेतिहरों से सुधार रही विशुद्ध लहरों में स्वचलित के कारण भी आग फैलने की आशंका रहती है।

सर्वाधिकारीय कुशवाहा (प्रति घटना अर्थदंड)

2 एकड़ से कम भूमि – 2,500

2 से 5 एकड़ तक – 5,000

5 एकड़ से अधिक 15,000

सुरक्षा उपाय अनिवार्य आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि हार्वेस्टर, थ्रेशर या रीपर कम खड़ियर के उपयोग से मार्च ब्रेकिंग के समय पानी की टंकी, मोटर, पाइप एवं अग्निशामक यंत्र रखना अनिवार्य होगा। हार्वेस्टर पर स्पॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगाया जाना तथा संबंधित तहसीलदार या थाना स्तर पर

तालाब खुदाई की आड़ में अवैध मुरम भंडारण पर कार्रवाई

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले के ग्राम सलामाना में तालाब खुदाई की आड़ में अवैध मुरम भंडारण का मामला सामने आया है। नायब तहसीलदार निधि पटेल के नेतृत्व में प्रवर्तनिक टीम ने छापेमार कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में जमा मुरम जब्त किया।

यह अवैध स्टॉक सलामाना गांव में नीरज श्रीवास्तव की निजी जमीन पर पाया गया, जिसे जिलेदार पानी द्वारा जमा किया गया था। बताया गया है कि जिलेदार पानी ने क्षेत्र में तालाब खुदाई की अनुमति ली थी, लेकिन नियमों का उल्लंघन करते हुए निर्धारित सीमा से कहीं अधिक खुदाई की और निकली मुरम को अवैध रूप से भंडारित किया।

जांच में सामने आया कि खुदाई की गहराई लगभग 25 मीटर, लंबाई 125 मीटर और चौड़ाई 80 मीटर तक पहुंच गई थी, जो स्वीकृत मानकों से काफी अधिक है। मौके पर मिले मुरम स्टॉक के लिए कोई वैध अनुमति नहीं पाई गई।

प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मौके पर ही पूरे स्टॉक को जब्त कर लिया। इस मामले को आगे की कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को सौंप दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पंचियों के विलंबित नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में अवैध उत्खनन का कारोबार लंबे समय से बेखौफ जारी है। उनका कहना है कि कई शिकायतों के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा ठोस कार्रवाई न होने से ऐसे मामलों को बढ़ावा मिल रहा है।

नायब तहसीलदार निधि लोधी ने बताया कि जिले में तालाब खुदाई की अनुमति दी गई थी, पर ज्यादा खुदाई की गई और मुरम स्टॉक किया गया था।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

चैत्र शुक्ल पक्ष 09. 2082

राजगढ, दिन शुक्रवार, दिनांक 27 मार्च 2026

न्यूज गैलरी

नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य का आरोपी गिरफ्तार

राजगढ़। कोतवाली पुलिस ने नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य के मामले में आरोपी देवराज धनिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, नाबालिग मोबाइल लेने पर हायल गया था, जहां उसके साथ वारदात हुई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और उसे हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। ये जानकारी कोतवाली थाना प्रभारी मंजू गढ़ोनिया ने दी।

पैसे नहीं देने पर पीटा, केस

ब्यावरा। सिटी थानान्तर्गत दोबड़ा गांव में फरियादी नीरज सिंह पिता मोहन सिंह सिलावट को गांव के ही जसिंह सिलावट ने डंडे से रोक लिया और दो हजार रुपए की मांग करने लगा। जब उसने पैसे देने से इंकार किया तो मारपीट कर दी। फरियादी ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जामुनिया गांव में विवाद के चलते भूसे में लगाई आग

राजगढ़। सतावर थानान्तर्गत जामुनिया गांव में कील पिता मांगीलाल धाकड़ के घर के सामने रखे भूसे के ढेर में किसी ने आग लगा दी। फरियादी ने खेजड़ावो गांव के राकेश पाल भील पर आग लगाने का संदेह जाहिर किया है। आग देख आसपास के लोगों ने तुरंत पानी डालकर उस पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी भूसा जलकर राख हो चुका था।

श्रीराम जन्मोत्सव का चल समारोह

सारंगपुर। फूलमाली समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस साल भी श्रीराम जन्मोत्सव की भव्य कथा की मनाया जाएगा। जिसमें 27 मार्च को नगर के माली समाज के सभी राम मंदिरों में भव्य कथा का आयोजन होगा और 28 मार्च श्रमिवार को प्रातेक मोहल्ले से आस्थाओं के साथ भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। नगर में परंपरानुसार फूलमाली समाज के 8 अखाड़ों चल समारोह में शामिल होंगे। साथ ही श्रीराम की आकर्षक एवं भव्य झांकी ढोल ताशे कीर्तन मंडली सहित भगवान जी आकर्षक ढोल चल समारोह में जयकारों का घोष रहेंगे। सर्व समाज धर्म प्रेमी बंधुओं से सकल पंचायत अध्यक्ष जिलाध्यक्ष, सचिव, मंत्री दशपंचा पंचायत अध्यक्ष धन सिंह पुष्पा खारोल पंचायत अध्यक्ष रवि सर, कोठी पंचायत अध्यक्ष प्रेमनारायण पुष्पा और पाडोदाखी पंचायत अध्यक्ष कैलाश प्रजापत, कोठी कर्मे के माली से अधिक से अधिक संख्या में पधार कर पुण्य लाभ लेने की अपील की।

नगर में होंगे कई विकास कार्य, कई निर्णय पर विमर्श के बाद सहमति

नपा से 68 करोड़ 10 लाख 97 हजार 206 का अनुमानित बजट हुआ पारित

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

नगर पालिका परिषद का विशेष सम्मेलन गुरुवार को जल संसाधन विभाग के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस दौरान वर्ष 2026-27 के लिए 68 करोड़ 10 लाख 97 हजार 206 रुपये का अनुमानित बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में शहर के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और विभिन्न प्रशासनिक प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जिसमें सभी 22 प्रस्तावों को एकमत से मंजूरी मिली है। सम्मेलन में नगर पालिका की स्वामित्व वाली उस भूमि पर भी चर्चा हुई, जिसे वर्ष 2012-13 में मधुमिलन ढाबूटी को लीज पर दिया गया था। लीज अवधि समाप्त होने के बाद, यह निर्णय लिया गया कि भूमि को पुनः नगर पालिका को हस्तांतरित कराया जाए और बकाया राशि की वसूली के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री द्वारा दिए 10 करोड़ से यह होंगे विकास कार्य

मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 10 करोड़ रुपये की राशि के तहत कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को स्वीकृति मिली। इनमें ओल्ड सुतालिया रोड पर 50 लाख रुपये की लागत से वाणिज्यकरण, ऑडिटोरियम के आलेख कार्यों के लिए 150 लाख रुपये, राजगढ़ रोड पर सभी दिशाओं के लिए टीनशेड

निर्माण हेतु 50 लाख रुपये और दशहरा मैदान में कार्यालयी निर्माण के लिए 100 लाख रुपये शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, शहर के सभी वार्डों में सोलरी रोड और गली निर्माण के लिए 450 लाख रुपये तथा अंबेडकर मंदिर मार्ग एवं सीसी निर्माण के लिए 200 लाख रुपये की मंजूरी दी गई।

जलदाय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जल शुद्धिकरण सामग्री, हैंडपम्प उन्नतीकरण और पाइप मरम्मत सामग्री की खरीद एवं स्टोरेज प्रदान की गई। स्ट्रीट लाइट के संचालन एवं संधारण, विद्युत सामग्री क्रय और मरम्मत में सोलर लाइट व्यवस्था लागू करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी मिली। नए नगर पालिका भवन के निर्माण के लिए स्थान का चयन एवं विद्युत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। इसमें साथ ही गीता भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने पर भी सहमति बनी।

नगर पालिका परिषद बैठक

दुकानों की फिर होगी नीलामी प्रक्रिया

दुकानों की पुनः नीलामी प्रक्रिया और बकाया प्रीमियम राशि जमा न करने पर कड़ाई को राजस्थान करने जैसे प्रस्तावों को भी पारित किया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष लीलादेवी सुतवाल, सांसद प्रतिनिधि पवन कुशवाह, उपाध्यक्ष अतुल लखनाथ सहित सभी पार्षद, सीएमओ इकरार अहमद उपस्थित थे।

भारत व रुपया मजबूत करने स्वदेशी वस्तुओं को उपयोग जरूरी: दिनकर

डीआर संवाददाता ✍ नरसिंगढ़

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इकाई नरसिंगढ़ द्वारा सप्ताह विभागीय एकेडमी नरसिंगढ़ में जिला स्तरीय ग्राहक सम्मेलन एवं प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता दिनकर सकलेचा राष्ट्रीय संगठन मंत्री ग्राहक पंचायत, मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण चौहान संह प्रांत सचिव ग्राहक प्रमुख, विशिष्ट अतिथि अंतकार वशिष्ठ मध्य क्षेत्र संगठन मंत्री एवं सुरेन्द्र सक्सेना सदस्य जिला उपभोक्ता फोरम राजगढ़, कार्यसमिति प्रांत अध्यक्ष विनोद भटनागर, प्रांत सचिव सतीश बाबू सोनी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथियों एवं स्वामी विवेकानन्द के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलन से साथ की गई। कार्यक्रम में उपस्थित मंचासीन अतिथियों ने उपस्थित ग्राहक शक्ति एवं ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। मुख्य वक्ता दिनकरजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत और रुपया को मजबूत करना है तो स्वदेशी वस्तुओं को उपयोग आवश्यक है, उन्होंने विभिन्न उत्पादनों के माध्यम से स्वदेशी एवं विदेश वस्तुओं के लाभ हानि से भारतीय रुपया और डॉलर के मूल्य के अंतर को स्पष्ट किया तथा उन्होंने कहा कि बाजार परिपूर्ण हो या व्यवस्था जटिलतम ग्राहक को जागरूक क्योंकि ग्राहक रहेगा नहीं तो उसकी सुरक्षा कौन, ग्राहक पंचायत के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में किये गये प्रयत्नों से आये परिणामों एवं चुनौतियों को मिलने वाले लाभ के बारे में बताते हुए उन्होंने भारत सरकार द्वारा वंदेमातरम गीत को अनिवार्य किये जाने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण चौहान ने कहा कि देश निर्माण विकास कर रहा है और समाज में जागृति आ रही है, समाज को सशक्त बनाना हमारा काम है, देश के प्रत्येक नागरिक स्व को लेकर अपना कार्य करेंगे तो हम किसी पर निर्भर नहीं रहेंगे। अतंकार वशिष्ठ ने ग्राहक पंचायत संगठन की इतिहास और उद्देश्य के बारे विस्तार से सभी को उपलब्धी दी।

पत्नी वियोग में पति की जहर से मौत परिजनों ने सड़क पर किया हंगामा

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

दराना गांव के रहने वाले 28 साल के बालू वर्मा की इंदौर में इलाज के दौरान मौत के बाद गुरुवार को परिजनों ने लौभाखेड़ा पुलिस थाने के बाहर शव रखकर हंगामा किया। परिजन दोपहर करीब 3 बजे शव लेकर थाने पहुंचे और सड़क पर रखकर विरोध जताया।

पुलिस के मुताबिक, करीब 15 दिन पहले बालू वर्मा और उसकी पत्नी संगीता वर्मा के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद पत्नी अपनी दो बेटियों के साथ आकर जिले के गोदाम नहू गांव स्थित मायके चली गई थी। मुबक ने इस मामले में थाने में शिकायत भी की थी। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराई, लेकिन पत्नी वापस आने को तैयार नहीं हुई। इसके बाबजा बालू ने 5 दिन पहले खेत में रखी कीटनाशक दवा पी ली थी। गंभीर हालत में पहले उसे सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया, जहां से इंदौर रेफर किया गया था। कुरावर रात उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। करीब दो घंटे तक विरोध के बाद एसडीओपी अरविंद सिंह व थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के एक समझाइश में कार्रवाई के आश्वासन पर परिजन माने।

झोपड़ी में लगाई आग, कृषि यंत्र जलकर खाक

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

ब्यावरा नगर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित नयापुरा क्षेत्र में एक किसान की मेहनत उस समय राख हो गई, जब अज्ञात असामाजिक तत्व ने उसके खेत पर बने झोपड़ी में आग लगा दी। आगजनी की इस घटना में अन्नर में रखे सीमेंटी पूर्ति यंत्र, कराह और आसपास खड़े हरे-भरे पेड़ जलकर पूरी तरह खाक हो गए, जिससे किसान को गहरी आर्थिक नुकसान हुआ है।

नयापुरा निवासी किसान सुरज मिलावन के खेत पर बने छप्पर में अचानक आग लग गई। सूखी लकड़ियों और घास-फूस के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। तेज लपटों की चपेट में अन्नर के साथ-साथ राख-राख आसपास खड़े पेड़ और रखी हुई कराह भी आ गई। धुआं और आग की लपटें देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह राजपूत ने दुर्गेश आ 112 टीम के मौके पर भेजा। आसपास पर्याप्त रहेगा और घटनास्थल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस को सूचना पर नगर परिषद की दमकल भी मौके पर पहुंची। पुलिस बल, दमकल कर्मियों और ग्रामीणों की संयुक्त कोशिश के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो आसपास के खेतों की फसल भी इसकी चपेट में आ सकती थी।

होम डिलीवरी शुरू, पर एजेंसी पर अब भी लगी भीड़

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

ब्यावरा शहर में रसोई गैस को लेकर मारामारी की स्थिति इन्हीं दो जिला प्रशासन ने होम डिलीवरी की सुविधा शुरू कराई। जिससे लोगों को घर बैठे रसोई गैस मिलेगी तो लोग बेवजह में गोदाम और एजेंसी पर भीड़ नहीं लगाएंगे।

हालांकि अब भी हालत ये है कि लोगों की भीड़ एजेंसी और गोदाम पर पहुंच रही है। भीड़ देख एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए गोदाम से भी सिलेंडर की सप्लाई बंद करा दी थी।

उधर होम डिलीवरी के बावजूद गोदाम पर भीड़ लगना ये दर्शाता है कि लोगों के घरों पर सिलेंडर पहुंच नहीं रहे हैं या फिर वेटिंग अब भी बहुत ज्यादा है। ज्यादा है। एजेंसी संचालक इस लॉकडाउन में है कि किसी भी प्रकार गोदाम से सिलेंडर सप्लाई की अनुमति मिल जाए, इसलिए एसडीएम से भी गुहार लगाई थी। एसडीएम ने सिर्फ होम डिलीवरी करने के ही निर्देश दिए हैं, क्योंकि कमर्शियल सिलेंडर का उपयोग खाना बनाने में किया जा रहा है। सप्लाई बंद कराई गई थी भीड़ अधिक होने के कारण गोदाम से सिलेंडर की सप्लाई बंद कराई गई थी। गई थी। जिन लोगों के पास सिंगल सिलेंडर है, उनको गोदाम से सिलेंडर दिया जा सकता है। क्योंकि यदि किसी के पास सिलेंडर खाली हो गया तो होम डिलीवरी तुरंत तो संभव नहीं है। इसी वजह से जरूरतमंदों को सप्लाई दी जा सकती है। अभिषेक गुप्ता, कलेक्टर

बकाया होने पर ताला नगरीय प्रशासन की ओर से विभाग के अधिकारी को दिया सूचना पत्र

संपत्ति कर बकाया होने पर नपा ने विद्युत दफ्तर में लगाया ताला, गायब हो गई शहर की बिजली

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

नगरीय प्रशासन की ओर से मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के संभागीय अधिकारी का सूचना पत्र जारी कर जिले की समस्त नगर पालिकाओं की संपत्ति कर की राशि जमा करने के लिए सूचना दी गई है उसी क्रम में प्रशासन की ओर से नगर पालिका को निर्देश दिए थे संपत्ति कर तत्काल वसूल करें नगरी प्रशासन विभाग के आदेश अनुसार सारंगपुर नगरपालिका के द्वारा अपना संपत्ति कर वसूलने के लिए मध्य प्रदेश विद्युत मंडल सारंगपुर को कई नोटिस दिए लेकिन उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया ना कोई राशि जमा की इस पर गुरुवार को नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने विद्युत विभाग के जिलाध्यक्ष सहायक कार्यपालक अभियंता सहित नगर पालिका की संपत्ति कर की राशि जमा करने के लिए सूचना दी गई है उसी क्रम में प्रशासन की ओर से नगर पालिका को निर्देश दिए थे संपत्ति कर तत्काल वसूल करें नगरी प्रशासन विभाग के आदेश अनुसार सारंगपुर नगरपालिका के द्वारा अपना संपत्ति कर वसूलने के लिए मध्य प्रदेश विद्युत मंडल सारंगपुर को कई नोटिस दिए लेकिन उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया ना कोई राशि जमा की इस पर गुरुवार को नगर पालिका ने नगर पालिका की संपत्ति कर बकाया होने की राशि की मांग की जा रही थी। बिजली विभाग पर करीब 2 करोड़ 69 लाख रुपये से अधिक का टैक्स बकाया है। नगर द्वारा बिजली घरों को में लगभग 25 से अधिक नोटिस भी जारी किए गए, लेकिन विभाग ने राशि जमा नहीं की। इसी बीच बुधवार को बिजली विभाग ने बकाया बिल का हवाला देते हुए शहर की स्ट्रीट लाइट का कनेक्शन काट दिया। जबकि नगर पालिका का कहना है कि पहले ही बिल एडवांसमेंट के तौर और प्रशासन तंत्र की राशि की मांग की जा रही थी। बिजली विभाग पर करीब 2 करोड़ 69 लाख रुपये से अधिक का टैक्स बकाया है। नगर द्वारा बिजली घरों को में लगभग 25 से अधिक नोटिस भी जारी किए गए, लेकिन विभाग ने राशि जमा नहीं की। इसी बीच बुधवार को बिजली विभाग ने बकाया बिल का हवाला देते हुए शहर की स्ट्रीट लाइट का कनेक्शन काट दिया। जबकि नगर पालिका का कहना है कि पहले ही बिल एडवांसमेंट के लिए विभाग को अवगत कराया गया था। इसके बावजूद स्ट्रीट लाइट बंद करने से नाराज लगाने जरूरी कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के कार्यालय में ताला लगाकर सील कर दिया।

नगर पालिका एवं विद्युत मंडल की राजस्व वसूली नगर पालिकों पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है घरों के मीटर और दुकानों पर के अलग पर दो विभागों के बीच का लेनदेन नगर कर्मियों पर भारी पड़ता नजर आ रहा है पंचायत से नगर की बिजली बंद है विद्युत विभाग के सूत्रों से जानकारी मिली है कि बिजली फाइल है और कार्यालय ने ताला लगा है ऐसे में सुबह सवेरे का समय कैसे निकाले जब ताला खुलेगा तभी सवाल निकलेगा इसके लिए संबंधित अधिकारी बात कर रहे हैं लेकिन सफलता नहीं है कि बकाए बिलों जाने तक नगर की बिजली पूर्ण रूप से बंद है उधर नपा अधिकारी दीपक राजपूत ने बताया कि जब तक बकाया टैक्स और पेनल्टी की राशि जमा नहीं की जाती, तब तक कार्यालय पर लगा ताला नहीं खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका की यही वसूलना उपाधी है और इसी उद्देश्य से यह सख्त कदम उठाया गया है।

इनका कहना है

नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से नगरीय क्षेत्र वसूली के लिए नपा द्वारा दुकान के इनी के मामले में विद्युत मंडल कार्यालय में ताला लगाया गया है।

दीपक राजपूत, सीएमओ सारंगपुर

सुप्रीम कोर्ट में शिक्षक संघ ने पुनर्विचार याचिका दायर की

दिल्ली सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने पहुंचे शिक्षक संघ के

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

शिक्षकों के हित में राज्य शिक्षक संघ ने सफला परीक्षा से जुड़े आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की है। संघ का कहना है कि 25 से 30 साल सेवा दे चुके शिक्षकों के लिए इस तरह की परीक्षा अनिवार्य करना मानसिक प्रताड़ना जैसा है। इसे लेकर शिक्षकों में लंबे समय से नाराजगी बनी हुई थी।

राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश गदीया यादव ने बताया कि शिक्षकों की प्रतिनिधियों से देखते हुए जिला व प्रदेश स्तर पर बैठकें की गई। इसके बाद शिक्षकों के के इस मुद्दे को लेकर 25 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ताओं से चर्चा की गई और पुनर्विचार याचिका दायर की गई।

शिक्षकों से चर्चा– किसी के बहकावे में न आएंगे जगदीश यादव ने कहा कि अब शिक्षकों को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय जाने की जरूरत नहीं है। राज्य शिक्षक संघ पूरी मजबूती से कानूनी लड़ाई 80 प्रतिशत अतिथि टीचरों पास, 3 हजार नियमित शिक्षक अभी भी यदि मिले में 5 हजार से अधिक नियमित शिक्षक कार्यरत हैं। इनमें से करीब 3 हजार से ज्यादा शिक्षकों को पात्रता परीक्षा देना होगी। दूसरी ओर अतिथि शिक्षक पहले ही टीचर

एलिजिबिलटी टेस्ट (टीईटी) पास कर चुके हैं। जिले में संविदा शाला शिक्षक भर्ती परीक्षा देने वाले अतिथि शिक्षकों का प्रतिशत 80 से अधिक है। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि जब अतिथि शिक्षक पहले से पास हैं, तो कई नियमित शिक्षक अब तक इस परीक्षा से बचिए कैसे रहे। यही मुद्दा अब शिक्षक संगठनों के विरोध का बड़ा आधार बनता दिख रहा है। क्योंकि कई नियमित शिक्षकों को विभाग में काम करते हुए 25 से 30 साल समय हो चुका है।

लड़ रहा है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे किसी भी तरह के भय या बहकावे में न आएं और न्यायालय पर भरोसा रखें।

पांच दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी व खोज–बचाव प्रशिक्षण का शुभारंभ

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

ब्यावरा। राज्य आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के निर्देशानुसार व कलेक्टर श्री गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण तथा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम एवं भग्नस्त ढांचा एवं खोज व बचाव संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन गुरुवार को किया गया। यह प्रशिक्षण 30 मार्च, 2026 तक पॉलिटेक्निक कॉलेज राजगढ़ में किया जाएगा। जिसमें अतंर्गत मुख्य अतिथि प्रोफेसर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय श्री राजू चौरसिया द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती माता को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस विभाग, होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ, सिविल डिफेन्स वालिन्टियर, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, महाविद्यालय, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं सदस्य भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को डी. रमा सुलोचना एवं श्री डी. आर. वर्मा, डिस्ट्रक्ट कन्जाइनेन्ट एवं फसाद कमाण्डर श्री सुनिल अहिरवाल होमगार्ड द्वारा भूकंप जैसे आपदाओं के समय त्वरित प्रतिक्रिया, खोज एवं बचाव तकनीक, आपदा प्रबंधन के सम्बन्धित प्रयास तथा ध्वस्त संरचनाओं में सुरक्षित तरीके से कार्य करने के संबंध में व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा के समय प्रभावी प्रतिक्रिया क्षमता विकसित करना, जन-जन की हानि को न्यूनतम करना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाना है।